Har Har Mahadev Meaning: हर हर महादेव का जयकारा लगाने वाले नहीं जानते इसका मतलब, अगर जान गए तो फिर क्या लगा पाएंगे?

अक्सर धार्मिक उत्सवों, तीर्थ यात्राओं के दौरान हर-हर महादेव का जयकारा गूंजता सुनाई देता है. लेकिन क्या इस नारे को लगाने वाले करोड़ों लोग इसके वास्तविक अर्थ और इसकी गंभीरता से परिचित हैं? आध्यात्मिक गुरु आचार्य प्रशांत ने अपनी एक वीडियो में इस विषय पर अपने विचार साझा किए हैं.

विज्ञापन

See More From Us On

हर हर महादेव का अर्थ

Image Credit source: unsplash

TV9 Bharatvarsh Updated on: May 11, 2026 2:24 PM IST

SHARE

भगवान शिव के भक्तों के बीच हर-हर महादेव का जयकारा सदियों से आस्था, ऊर्जा और भक्ति का प्रतीक माना जाता रहा है. मंदिरों से लेकर कांवड़ यात्रा, महाशिवरात्रि और धार्मिक आयोजनों तक यह हर जगह सुनाई देता है. इस विषय पर आध्यात्मिक वक्ता आचार्य प्रशांत ने अपनी एक वीडियो में हर-हर महादेव जयकारा के वास्तविक अर्थ को समझाया. उन्होनें कहा कि हर-हर महादेव का अर्थ हैं, प्रार्थना करना, विनती करना कि आओ और आकर हर लो, हमारे पास जो भी है हर लो. उन्होंने कहा कि अधिकांश लोग हर-हर महादेव तो बोलते हैं, लेकिन उसके गहरे अर्थ को समझते नहीं हैं. उनके अनुसार, यह सिर्फ जोश में लगाया जाने वाला नारा नहीं, बल्कि महादेव से की गई एक गंभीर प्रार्थना है.

विज्ञापन

See More From Us On

आचार्य प्रशांत ने अपनी एक वीडियो के माध्यम से बताया जिसमें कुछ लोग राफ्टिंग के दौरान जोर-जोर से हर-हर महादेव का जयकारा लगा रहे थे. इस पर उन्होंने कहा कि लोग शायद यह नहीं जानते कि हर का अर्थ क्या है. उनके अनुसार, हर-हर महादेव का भाव होता है, हे महादेव, आओ और हमारे भीतर जो भी मोह, अहंकार, इच्छाएं, भ्रम हैं, उन्हें हर लो. उन्होंने कहा कि अगर महादेव सच में व्यक्ति के भीतर मौजूद तमाम इच्छाएं और मोह दूर कर दें, तो शायद बहुत से लोग उसे सहन न कर पाएं.

ये भी पढ़ें

वृषभ, मिथुन, कन्या और मकर... 23 मई से इन राशि वालों की जिंदगी में होगा बड़ा उलटफेर

दूसरे लड़के के साथ फोटो देख भड़का प्रेमी, प्रेमिका का गला घोंटा, फिर सिर कूचा...लखनऊ में 4 दिन पहले हुई थी सगाई

become a millionaire

हर-हर महादेव का धार्मिक अर्थ क्या है?

धार्मिक मान्यताओं और संस्कृत भाषा के अनुसार हर शब्द का अर्थ होता है , हर लेना, दूर करना, नष्ट करना या मुक्ति देना.इसी वजह से भगवान शिव को हर कहा जाता है, क्योंकि वे भक्तों के दुख, पाप, अज्ञान और मन के विकारों का हरण करते हैं. जब कोई भक्त हर-हर महादेव बोलता है, तो उसका भाव यह माना जाता है कि वह भगवान शिव से प्रार्थना कर रहा है कि वे उसके भीतर के नकारात्मक तत्वों को समाप्त कर दें. इस मंत्र के माध्यम से यह संदेश मिलता है कि ईश्वर केवल मंदिरों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि हर प्राणी और हर चेतना में उनका अस्तित्व है. यही कारण है कि हर हर म[...] जयकारा केवल धार्मिक नारा नहीं, बल्कि आत्मबोध और एकता का प्रतीक भी माना जाता है.

See More From Us On

विज्ञापन

ज्योतिष सेवाएं

View More

जन्म कुंडली के गहन अध्ययन से करियर, ... भविष्यवाणियां और मांगलिक, पितृ दोष आदि का ज्योतिषीय समाधान

आपकी कुंडली
करियर भविष्य
विवाह भविष्य
स्वास्थ्य भविष्य

हाथ उठाकर जयकारा लगाने का क्या महत्व है?

धार्मिक परंपराओं में जब भक्त दोनों हाथ उठाकर हर-हर महादेव बोलते हैं, तो उसे पूर्ण समर्पण का प्रतीक माना जाता है. इसका अर्थ होता है कि व्यक्ति स्वयं को पूरी तरह भगवान शिव के चरणों में समर्पित कर रहा है. आस्था के अनुसार, यह भाव व्यक्ति को अहंकार से मुक्त करने और भीतर की नकारात्मकता को छोड़ने की प्रेरणा देता है.

ये भी पढ़ें: Somnath Shivling Mystery: 2 फीसदी लोहा, 80 फीसदी बेरियम फिर कैसे सोमनाथ का शिवलिंग हवा में तैरता था, रहस्य से उठा पर्दा?

TV9 Bharatvarsh

टीवी9 भारतवर्ष डिजिटल TV9 नेटवर्क का प्रमुख हिंदी न्यूज़ प्लेटफॉर्म है. इस वेबसाइट पर देश-विदेश की ताज़ा खबरें, ब्रेकिंग न्यूज़, विश्लेषण और ग्राउंड रिपोर्टिंग से पाठकों को रूबरू कराया जाता है. टीवी9 की वेबसाइट tv9hindi.com प्रमुख हिंदी वेबसाइटों में अपना स्थान रखती है. टीवी9 हिंदी का अपना मोबाइल ऐप भी है ... टेक्स्ट और वीडियो दोनों माध्यम से खबरें पढ़ीं और देखी जा सकती हैं. टीवी9 वेबसाइट पर राजनीति, अ...

See More From Us On

Read More